Nai Dunia (Indore), 6th April 2023, Naidunia City, Page-IV

# दिमाग में सही आइडिया का बीज डलेगा तो स्टार्टअप का पेड़ खूब फलेगा

कोई स्टार्टअप काम कैसे करता है, इसे शुरू कैसे किया जाता है, स्टार्टअप के लिए किन बातों की जानकारी होना जरूरी है, स्टार्टअप की सफलता के पैमाने क्या हैं, स्टार्टअप को मार्केट के अप-डाउन से बचाने के लिए क्या करना चाहिए। ऐसी तमाम बातों की जानकारी बुधवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर के एडवांस्ड सेंटर फार एंटरप्रेन्योरशिप में विद्यार्थी और युवा उद्यमी विशेषज्ञों से ले रहे थे। विशेषज्ञों ने बताया यदि दिमाग में सही आइडिया का बीज डालेंगे तो स्टार्टअप का पेड़ खूब फलेगा।

आजकल युवाओं में नौकरी के बजाय स्टार्टअप का क्रेज ज्यादा है लेकिन सही जानकारी के अभाव में उनका स्टार्टअप असफल हो जाता है। ऐसे विद्यार्थियों और युवा उद्यमियों के बीच उद्यमिता कौशल

## आइआइटी इंदौर ने किया शिक्षण संस्थानों में स्टार्टअप बूट कैंप का आयोजन

को बढ़ाने के लिए आइआइटी इंदौर द्वारा मध्य प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों में स्टार्टअप बूट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को इसका आयोजन मेडीकैप्स विश्वविद्यालय, आइपीएस अकादमी, माधव साइंस कालेज और रीवा इंजीनियरिंग कालेज में किया गया। स्टार्टअप संचालकों सहित लगभग 529 विद्यार्थियों ने बूट कैंप में भाग लिया। आइआइटी इंदौर के निदेशक प्रो. सुहास जोशी ने कहा कि यह सबसे बड़ी आउटरीच गतिविधियों में से एक है। बूट कैंप के तकनीकी सत्रों में स्टार्टअप और उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया। जैसे स्टार्टअप आइडिया को चुनना, विचार को न्यूनतम लागत में विकसित करना, एक सफल स्टार्टअप बनाना, स्टार्टअप में प्रमुख शर्तें और शब्दजाल, वैल्यूएशन बेसिक्स, फंडिंग और अन्य विषय शामिल थे। विशेष रूप से विद्यार्थियों के लिए विशेषज्ञों के सामने अपने विचार रखने के लिए एक माक पिचिंग सत्र भी शामिल किया। संस्थान को प्रतिभागियों से बहुत सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। और कुछ प्रतिभागी उद्यमशीलता के लिए प्रेरित हुए। आइआइटी इंदौर से विविध पृष्ठभूमि वाले प्रोफेसरों की एक टीम विशेषज्ञ वक्ता थी। टीम में प्रो. रुचि शर्मा, डा. अनन्या घोषाल, डा. शोमिक दासगुप्ता और डा. स्वामीनाथन आर शामिल थे।




आइआइटी इंदौर द्वारा शिक्षण संस्थानों में आयोजित स्टार्टअप बूट कैंप के दौरान विद्यार्थी और स्टार्टअप संचालक। नईदुनिया

**इन विषयों पर हुई बात:** स्टार्टअप के लिए आइडिया कैसे चुनना, अपने विचार को न्यूनतम लागत में विकसित करना, एक सफल स्टार्टअप स्थापित करना, स्टार्टअप के लिए प्रमुख शर्तें और शब्दजाल, वैल्यूएशन बेसिक्स, फंडिंग की व्यवस्था आदि विषयों पर बात हुई।

## युवा उद्यमी बताएंगे कैसे करें व्यवसाय

सीआइआइ इंदौर चैप्टर द्वारा गुरुवार को डेली कालेज बिजनेस स्कूल के सभागृह में 'व्यवसाय के लिए एक आदर्श पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण' विषय एक परिचर्चा सत्र का आयोजन किया जा रहा है। यह परिचर्चा सीआइआइ यंग इंडियंस (वायआइ), युवा एवं खेल मंत्रालय के सहयोग से देशभर में आयोजित हो रही है। गुरुवार को आयोजित परिचर्चा सत्र में एमएमसी कन्वर्ट के संस्थापक अंकित मेहता, होमरुटैप फैब्रिक फर्निशिंग के सह संस्थापक आकाश मेहता, रैकबैं के सीईओ नरेंद्र सेन, वर्की के संस्थापक सावन लड्ढा, शाप किराना के सीईओ तनुतेजस सारस्वत व कैराग्रीन की निदेशक सुरभि शाह शामिल होंगी।